एक नजर में



## हृदय रोग जांच का दिया प्रशिक्षण

**उज्जैन।** हृदय रोगों की सटीक जांच और बेहतर उपचार-निर्णय के उद्देश्य से एक दिवसीय इकोकार्डियोग्राफी ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन उज्जैन में होटल वराय ग्रांडे में 7 जून 2026 को आयोजित हुआ। इस में राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ शिक्षकों ने चिकित्सकों को उन्नत इकोकार्डियोग्राफी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में प्रो. आर. अळगेसन तथा बेंगलुरु से डॉ. सतीश गोविंद शामिल हुए। दोनों विशेषज्ञ इकोकार्डियोग्राफी के मूल सिद्धांत, मानक प्रोटोकॉल, उन्नत व्याख्या, स्ट्रेन इमेजिंग, वाल्वुलर एवं कॉन्जेनिटल हृदय रोगों के आकलन तथा क्रिटिकल केयर में पॉइंट-ऑफ-केयर इको के व्यावहारिक अनुप्रयोग पर सत्र लिए। प्रशिक्षण में 20 मरीज़ों के केस-आधारित चर्चा, लाइव डेमो तथा इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र हुए। इसमें 80 प्रतिभागी चिकित्सकों ने प्रशिक्षण लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ. विमलेश पाटीदार, डॉ. समीर माहेश्वरी तथा डॉ. आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित हुआ। आयोजकों के अनुसार, इकोकार्डियोग्राफी हृदय संबंधी बीमारियों की प्रारंभिक पहचान तथा उपचार-योजना तय करने का एक विश्वसनीय उपकरण है।

## नासिक ढोल-डमरू की थाप से गूंजी धर्मधानी




**उज्जैन।** राष्ट्रीय महाकाल सेना के स्थापना दिवस के अवसर पर 6 जून को शहर में विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। यह संपूर्ण कार्यक्रम मुख्य रूप से कुशल भारती महाराज के नेतृत्व में आयोजित किया गया। मोक्षदायिनी शिप्रा नदी के तट पर महाआरती की गई, वहीं कुशल भारती महाराज ने कार्तिक मेला ग्राउंड में भंडारे का आयोजन भी किया। इन आयोजनों में डमरू और नासिक ढोल की गूंज से पूरा उज्जैन शहर गुंजायमान हो उठा। जय गजानन नारी शक्ति नासिक ढोल पार्टी और चैतन्य भैरव नारी शक्ति ध्यान मंडली उज्जैन ने कार्यक्रम में विशेष समां बांधा। आयोजनों के दौरान टीम ने दो बार अपनी कला का प्रदर्शन किया; पहली प्रस्तुति राष्ट्रीय महाकाल सेना के कार्यक्रम में और दूसरी शिप्रा मैया की महाआरती के दौरान दी गई। कोच पूजा चौहान और उनके 20 बच्चों की टीम ने एक सुर में झांझ, डमरू और नासिक ढोल की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सफल नेतृत्व और संचालन राजेश राव एवं शुभम नागर ने किया। झांझ और डमरू वादन करने वाली टीम में समीक्षा मालवीय, माही सिकरवार, दिव्या मालवीय, नैंसी जाटव, आरती मालवीय, माया, रोशनी मालवीय, गीत मालवीय, ऐश्वर्या मालवीय, कृतिका, नेत्रा मालवीय, अंकिता पांचाल, सुभिका और प्राची शामिल थीं।



## विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर किया जागरूक

**उज्जैन।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने रविवार को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर खाद्य सुरक्षा एवं सही भोजन शैली के संबंध में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। विभाग ने चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित नि:शुल्क अन्नक्षेत्र तथा मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित होटल उज्जैयिनी पर कार्यरत फूड हेण्डलर्स एवं श्रद्धालुओं को भोजन निर्माण, संग्रहण एवं सर्विसिंग के संबंध में रखी जाने वाली सावधानियों, व्यैक्तिक स्वच्छता के संबंध में तथा सही खान पान की आदतों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में मौजूद कर्मचारियों व श्रद्धालुओं को अपने भोजन में नमक, तेल, शक्कर आदि की मात्रा धीरे-धीरे कम करने, दैनिक आहार में श्रीअन्न अर्थात् मिलेट्स को शामिल करने, पैक्ड खाद्य पदार्थों के लेबल को पढ़ने, स्थानीय व मौसमी फल-सब्जियों को अपने आहार में सम्मिलित तथा अखबार के भोजन परोसने आदि में उपयोग नहीं करने के संबंध में प्रशिक्षित किया गया।

# दिन में रोड चौड़ीकरण, रात में हटेगा मलबा, जल्द बनेंगी नाली

### रहवासियों को आने-जाने में परेशानी न हो, कलेक्टर रोशन कुमारसिंह और निगमायुक्त मिश्रा का निरीक्षण

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी में महाकुंभ 2028 के निर्माण कार्य विकास कार्य सौंदर्यीकरण बड़े पैमाने पर चल रहे हैं। जहां सड़कों का जाल शहर में बिछाया जा रहा है वहीं रहवासियों की सुविधा का भी ध्यान रखा जा रहा है। नाली निर्माण जल्द करने और रात में मलवा हटाने की बात उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह द्वारा कही गई है।

सिंहस्थ महापर्व 2028 के लिए शहर में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर मार्ग चौड़ीकरण के कार्य किए जा रहे है। रविवार शाम को नियमित निरीक्षण के तहत कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के साथ नगर निगम के माध्यम से प्रगतिरत शहर के विभिन्न मार्गों के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि



मार्ग चौड़ीकरण कार्य के दौरान मार्ग के दोनों ओर साईट नाली निर्माण करने और सड़क का मलबा हटाने का कार्य प्राथमिकता के साथ करें। जिससे कार्य के दौरान रहवासियों को आने-जाने में परेशानी नही हो।

इसके बाद कलेक्टर ने ढाबा रोड से टंकी चौराहा तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि चौड़ीकरण कार्य के दौरान मार्ग के दोनों ओर नाली निर्माण तेज गति से करने और सड़क से मलबा हटाने के लिए अतिरिक्त संसाधन बढ़ाकर रात्रि में भी कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि रहवासियों को आने-जाने में कोई परेशानी नही हो इसके लिए मलबा तुरंत हटाया जाए। रात्रि के समय मलबा हटाने का कार्य किया जाए जिससे कार्य प्रभावित नही हो और रहवासियों को भी परेशानी न हो। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच करने और गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### महाकाल मार्ग का चौड़ीकरण-बेहतर गुणवत्ता हो

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने रविवार को महाकाल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के लिए प्राचीन महाकाल द्वार के समीप से कहारवाड़ी तक निर्माणाधीन मार्ग का कार्य किया जा रहा है। मौके पर निगमायुक्त मिश्रा ने जानकारी दी कि मार्ग में दोनों ओर रिटर्निंग वाल का कार्य प्रगतिरत है। हेरिटेज होटल के सामने मार्ग में राफ्ट फाउंडेशन का कार्य किया गया है। कलेक्टर सिंह ने मार्ग निर्माण के लिए संसाधन बढ़ाकर तेज गति से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने हरसिद्धि की पाल से रामघाट तक निर्माणाधीन मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त मिश्रा ने कार्य प्रगति की जानकारी दी। मौके पर कलेक्टर सिंह ने निर्माण सामग्री का अवलोकन कर निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

# गुजरात से पकड़ाया ठगी का आरोपी

**उज्जैन। ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपी को 3 माह बाद पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर ठगी की वारदात को अंजाम देता था।**

इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्रामबकड़ाई में रहने वाले गोपाल पिता प्रेमसिंह ठाकुर के साथ 8 फरवरी 2026 को इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर ऑनलाइन 1.95 लाख रुपए की ठगी को अज्ञात बदमाश द्वारा अंजाम दिया गया था। इंगोरिया थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। 3 माह की तलाश के बाद तकनीकी साक्ष्य के आधार पर राजेश पिता विधिया भाई निवासी पिपलिया, थाना लिमड़ी, जिला दाहोद (गुजरात) की ठगी करने वाले के रूप में पहचान होने पर पुलिस की एक टीम गुजरात पहुंची थी। जहां से आरोपी को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया है। पूछताछ में आरोपी ने ऑनलाइन 2 लाख रुपए के लगभग की ठगी करना स्वीकार कर लिया।

### आरोपी को पकड़ने में इनकी रही भूमिका

इंगोरिया थाना प्रभारी दीपेश व्यास के अनुसार आरोपी को न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जाएगा। आरोपी को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह तोमर, सहायक उप निरीक्षक दिनेश निनामा, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार, अशोक कटारा, आरक्षक भोजराज परमार, दिलीप सिंह राणा एवं दीपक मालवीय की सराहनीय भूमिका रही।

## पुलिस चेकिंग में पकड़ाए बदमाश से मिले चोरी के सात वाहन

**उज्जैन। दो माह पहले चोरी हुई बाइक के साथ पुलिस ने आरोपी को हिरासत लिया तो उसने अपने साथी के साथ मिलकर उज्जैन और रतलाम में वाहनों की चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस ने उसके निशानदेही पर पांच बाइक और दो ट्रैक्टर बरामद किए हैं। आरोपी का साथी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।**

राघवी थाना एसआई वीरेंद्र वंदेबार ने बताया कि 18 मार्च को ग्राम नीमखेड़ा में रहने वाले बारिश पिता मदनलाल नायक की बाइक ग्राम खेड़ामदा गौशाला के पास से चोरी हो गई थी। पुलिस द्वारा मामले में चोरी का प्रकरण दर्ज कर बाइक चुराने वाले की तलाश की जा रही थी। 2 माह बाद सूचना मिलने पर ग्राम नीमखेड़ा के ही रहने वाले तोफानसिंह पिता बनेसिंह गुर्जर 26 वर्ष को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो उससे चोरी की बाइक बरामद हो गई। वाहन चोरी का खुलासा होते ही आरोपी से अन्य वाहनों के संबंध में पूछताछ शुरू की गई तो उसने अपने साथी श्यामसिंह के साथ मिलकर उज्जैन और रतलाम से वाहन चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदही पर उसके ही खेत पर बने मकान की तलाशी ली तो वहां से चोरी की चार अन्य बाइक को दो ट्रैक्टर भी बरामद हो गए।

मामले का खुलासा थाना प्रभारी काजलसिंह के मार्गदर्शन में किया गया है। आरोपी तोफानसिंह को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। उसका साथी श्याम सिंह फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। संभावना है कि उसके गिरफ्त में आने पर अन्य चोरी के वाहनों की जानकारी भी सामने आ सकती है।

## कंठाल से छत्री चौक मार्ग चौड़ीकरण तेजी से जारी

- नागरिकों और व्यापारियों के सहयोग से हो रहा कार्य

**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए श्रद्धालुओं को सुगम आवागम सुविधा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन द्वारा आवंटित विशेष निधि से नगर निगम द्वारा उज्जैन शहर के प्रमुख आंतरिक मार्गो का चौड़ीकरण कार्य प्रचलित है।

इसी क्रम में कंठाल से सतीगेट होते हुए छत्रीचौक तक क्षेत्र के नागरिकों एवं व्यापारियों के सकारात्मक सहयोग से मार्ग चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा हैं। इसी क्रम में रविवार को महापौर ने पार्षद एवं अधिकारियों के साथ मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया।

महापौर ने निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि शीघ्र ही तुड़ाई का कार्य पूर्ण करते हुए मलवा उठाने का कार्य किया जाए। जिन मकानों को हटाया जाना बाकी है उनके लिए मुनादी करें और दो-तीन दिन में मकान को हटाने की कार्यवाही की जाए। तुड़ाई के दौरान रात्रि में ही मलवा उठाने का कार्य किया जाए ताकि क्षेत्र के नागरिकों को समस्या ना हो। नाली निर्माण का कार्य करते समय लेवल का ध्यान रखा जाए एक सीध में नाली का निर्माण होना चाहिए। क्षेत्र के नागरिकों एवं व्यापारियों के सहयोग से यहां तीव्र गति से कार्य चल रहा है। जिसमें समान दृष्टि से कार्य को करते हुए शीघ्र मार्ग चौड़ीकरण के कार्य को पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान रजत मेहता, प्रकाश शर्मा, कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, उपयंत्री राजेंद्र रावत उपस्थित रहे।

## 14 वर्ष बाद गिरफ्त में आया इनामी वारंटी

**उज्जैन।** आपराधिक मामलों में कोर्ट पेशी पर उपस्थित नहीं होकर 14 सालों से फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ स्थाई वारंटी जारी किया गया था। गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस द्वारा 10 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। माधवनगर थाना पुलिस लगातार उसकी तलाश में थी। आरोपी हर बार अपना ठिकाना बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। बीती रात सूचना मिली थी फरार इनामी वारंटी अपने क्षेत्र में घूम रहा है। थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया ने इनामी वारंटी की धरपकड़ के लिये टीम को रवाना किया। वारंटी अपने घर के समीप हीरा मिल की चाल से गिरफ्त में आ गया। पुलिस के अनुसार स्थाई फरार इनामी वारंटी अविनाश सुनहरा पिता रमेशचंद्र सुनहरा 45 वर्ष को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया है। उसके खिलाफ दो मामलों में स्थाई वारंट जारी हुए थे। दोनों मामलों में 5-5 हजार का इनाम था। फरारी में उसने दाड़ी और सिर के बाल बढ़ा लिए थे।

## बड़नगर से लापता युवक की हातोद में बोरे में बंद मिली लाश

- बोरे में बंद मिली लाश की पहचान पत्नी ने की, सड़ चुकी थी लाश

**उज्जैन। बड़नगर से लापता हुए युवक की शनिवार को इंदौर के समीप हातोद में लाश मिलना सामने आया है। बोरे में बंद मिली लाश की पहचान पत्नी ने की। मामले में बड़नगर और हातोद पुलिस जांच कर रही है।**

ग्राम पीरझलार में रहने वाला सुल्तान पिता अजगर 30 वर्ष 29 मई को अचानक रात के समय घर से लापता हो गया था। वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने दूसरे दिन परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच शुरू की तो कुछ पता नहीं चला लेकिन यह सामने आया कि भाई से झगड़ा होने के बाद सुल्तान का पता नहीं चल रहा है। पुलिस ने भाई दिलपुकार से पूछताछ शुरू की लेकिन उसने विवाद होने से ही इंकार कर दिया। परिवार भी कुछ स्पष्ट नहीं कर पा रहा था। लगातार भाई से पूछताछ जारी थी। इस बीच शनिवार को इंदौर के ग्रामीण क्षेत्र हातोद में बोरे में बंद लाश मिलना सामने आया। जिसकी जानकारी लगने पर बड़नगर थाना पुलिस तस्दीक के लिए पहुंची। लेकिन लाश 8 से 10 दिन पुरानी थी जो गर्मी बारिश की वजह से पूरी तरह सड़ चुकी थी। चेहरे का मांस उतर चुका था और खोपड़ी नजर आ रही थी। पहचान कर पाना मुश्किल था। बावजूद इसके बड़नगर पुलिस द्वारा अपने यहां से लापता सुल्तान की पहचान के लिए पत्नी को हातोद बुलवाया। जहां उसके द्वारा लाश की पहचान सुल्तान के रूप में कर ली गई। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि पत्नी ने कपड़े और दांत से पहचान कर शव पति सुल्तान का होना बताया है। बावजूद इसके हातोद पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। रविवार को मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। हातोद पुलिस द्वारा जांच के बाद अगर मर्ग डायरी सौंपी गई तो बड़नगर पुलिस स्थानीय स्तर पर जांच शुरू करेगी। फिलहाल हातोद और बड़नगर थाना पुलिस अपने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में लगी है।

### गलियारे में फंदे पर लटका मिला शराबी

उज्जैन। रविवार सुबह घर के गलियारे में रस्सी के फंदे पर शराबी की लाश लटकी हुई भाई ने देखी। रात में नशा कर घर पहुंचा था। पुलिस ने मामले में पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू की है। नीमनवासा में रहने वाला हुकुम पिता केसरसिंह मालवीय 45 साल शराब पीने का आदी था और पीएचई में संविदाकर्मी था। रात में वह नशा कर घर पहुंचा था जिसके चलते परिजनों ने ध्यान नहीं दिया। सुबह पास में ही रहने वाला भाई देवकरण पानी की मोटर चालू करने के लिए गलियारे में पहुंचा तो उसने हुकुमसिंह को रस्सी के फंदे पर लटका देखा। तत्काल परिजनों को जानकारी दी गई। पुलिस भी सूचना मिलने पर घटना स्थल पहुंच गई थी। शव को फंदे से उतारा गया और पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल लाया गया। पंवासा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा है।

## माधोपुर की टीम बनी चैंपियन

**उज्जैन।** घट्टिया विधानसभा के ग्राम बदरखा बैरसिया में आयोजित युवा कांग्रेस विधानसभा क्रिकेट ट्रॉफी का शानदार समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में माधोपुर गांव की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि मेजबान बदरखा बैरसिया की टीम उपविजेता रही। टूर्नामेंट का आयोजन युवा कांग्रेस घट्टिया विधानसभा अध्यक्ष शेरसिंह चौहान और सरपंच अजीज पटेल के नेतृत्व में किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विवेक यादव उपस्थित हुए। उन्होंने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जावेद पटेल, नरेंद्र मालवीय, प्रितेश शर्मा, राजेश बाथली, बदरखा के सरपंच अजीज पटेल, धर्मेंद्र सिंह पंवार उपस्थित थे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया।

## चित्रकला स्पर्धा में बच्चों ने रंगों से दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश




**उज्जैन।** पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को वसंत विहार सांस्कृतिक मंच और मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में श्रीराम मंदिर परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंच के अध्यक्ष राजेंद्र परब के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने कैनवास पर रंगों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मंच के सहसचिव नरेन्द्र कुमार चौरसिया ने बताया कि शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच आयोजित इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय पर्यावरण, वायु प्रदूषण और जलसंवर्धन था। प्रतियोगिता को 5 से 10 वर्ष जूनियर और 11 से 15 वर्ष सीनियर आयु वर्ग में आयोजित किया गया। इसमें बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रतिभागियों को ड्राइंग शीट वसंत विहार सांस्कृतिक मंच द्वारा उपलब्ध कराई गई। निर्णायक की भूमिका रोशनी पाटिल ने निभाई। कार्यक्रम में डॉ. दीपक काले और प्रतिम खरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने, वायु प्रदूषण के खतरों और भावी पीढ़ी के लिए जलसंवर्धन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने बच्चों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरित किए।

### आयोजन में इनकी रही विशेष उपस्थिति

आयोजन में मंच की ओर से लोकेंद्र सिंह बैस, देवेन्द्र राय, रमेश कुमावत, जे एस पांडेय, दिनेश चन्द्र जैन, हरीश घाडगे, लक्ष्मीकांत, राजेंद्र पाटनकर, डॉ. महेश शर्मा और पं. शिव शंकर चतुर्वेदी मौजूद रहे। वहीं महिला मंडल की ओर से राजश्री जोशी, करुणा शीतोले, मोना शिंदे, हेमा यादव और चेतना कडेकर विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## महाकाल सेना का सम्मान

**उज्जैन।** महाकाल सेना के स्थापना दिवस के अवसर पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर समारोह को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। आयोजन का उद्देश्य धर्म, राष्ट्र एवं संस्कृति की रक्षा के लिए समाज को संगठित करना तथा सनातन मूल्यों के प्रति जनजागरण करना रहा। कार्यक्रम के तहत शिप्रा आरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर योगी बाबा बम-बम नाथ सेवा समिति के धर्मेंद्र जोशी एवं गब्बर बाबा के नेतृत्व में महाकाल सेना के सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम में शुभम नागर, अचल नाथ सहित अन्य पदाधिकारी, साधु-संत एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आज से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा

- मुकुंदाचार्य महाराज के मुखारविंद से
- बहेगी ज्ञान गंगा



**उज्जैन।** सिंधु सेना उज्जैन द्वारा पुरुषोत्तम मास अधिक मास के पावन अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मुकुंदाचार्य महाराज के मुखारविंद से 8 जून से 14 जून तक प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से शाम 7 बजे तक कथा का वाचन होगा।

आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए समाजजनों की एक बैठक आयोजित की गई। इसमें बताया गया कि कथा के प्रथम दिन 8 जून सोमवार को दोपहर 4 बजे सिंधी धर्मशाला से एक भव्य कलश यात्रा प्रारंभ होगी, जो कथा स्थल झूलेलाल मंदिर के पास पहुंचेगी। कथा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में बड़ी संख्या में समाजजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। पुरुषों में मुख्य रूप से संतोष लालवानी, राजकुमार परसवानी, किशोर मुलानी, गिरधारी लालवानी, रतनलाल काका, मोहन वासवानी और वासु सोनी उपस्थित थे। वहीं मातृशक्ति की ओर से माया मुलानी, काम्या लालवानी, रिंकू बेलानी, वीना परसवानी, रोशनी मुलानी, योगिता रोचवानी, रेशमा गंगवानी और ज्योति थानी सहित कई समाजजन मौजूद रहे।

## चारभुजा नाथ मंदिर में सजी मेवा हिंडोला झांकी, किए दर्शन

- पुरुषोत्तम मास में प्रतिदिन सज रही उत्सव की झांकी, जन्मदिन पर लगा खिचड़ी का भोग



**उज्जैन।** गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में नित्य उत्सव मनाए जा रहे हैं। प्रतिदिन सजने वाली उत्सव की झांकी के दर्शन कर हजारों श्रद्धालु धर्म लाभ ले रहे हैं। इसी श्रृंखला में मंदिर में मेवा हिंडोला उत्सव दर्शन की भव्य झांकी सजाई गई। पं. बृजभूषण दीक्षित द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न कराया गया। मनोरथी हर्ष और कमलेश मंत्री परिवार ने आरती की। वहीं, निशा संजय मूंदड़ा ने अपनी पुत्री मौली के जन्मदिन के अवसर पर भगवान को खिचड़ी का भोग अर्पित कर प्रसादी का वितरण किया गया।

### आरती में इनकी रही सहभागिता

आयोजन की आरती में मुख्य रूप से राजकुमार झंवर, सतीश काबरा, मनोज बजाज, द्वारकादास झंवर, सीमा कांसट, पूर्णिमा परवाल, रीता गट्टानी, ऊषा झंवर, कृतिका सुरजन (इंदौर), अलका भूतड़ा, महिमा गट्टानी और नीलम झंवर ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

एक नजर में — शिप्रा की महाआरती की, कार्तिक मेला ग्राउंड में भंडारा व सम्मान समारोह हुआ

## दिगंबर खुशाल भारती बोले-जय महाकाल, मधुबाला-छोटू रावणा के गूंजे भजन

**उज्जैन। श्री श्री 1008 दिगंबर खुशाल भारती महाराज के सानिध्य में उज्जैन में राष्ट्रीय महाकाल सेना का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सेना से जुड़े देशभर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।**

राष्ट्रीय महाकाल सेना के संभाग अध्यक्ष राहुल राव इंदौर ने बताया कि शाम को संत-महंतों की उपस्थिति में महाराज श्री ने शिप्रा की महाआरती की। इसके पश्चात कार्तिक मेला ग्राउंड में धार्मिक व सांस्कृतिक समारोह हुआ। मंच पर आते ही दिगंबर खुशाल भारती महाराज ने जय महाकाल के जयकारे लगाए तो हजारों लोगों ने दोनों हाथ खड़े कर उनका अभिवादन किया। इस अवसर पर मंच से देर रात तक प्रसिद्ध भजन गायिका मधुबाला राव व गायक छोटू सिंह रावणा ने भजनों की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच से देशभर से आए राष्ट्रीय महाकाल सेना के प्रदेश अध्यक्षों, सचिवों के साथ संभाग व जिलों के अध्यक्षों का प्रमाण पत्र व दुपट्टे से सम्मान किया गया। साथ में भंडारा भी चलता रहा जिसमें हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।





### किंजल-मोनल महाकाल की भस्मारती में पहुंची

गुजराती गायिका किंजल दवे और फिल्म अभिनेत्री मोनल गज्जर रविवार को उज्जैन में महाकाल की भस्मारती में शामिल हुए। आरती के बाद उन्होंने चांदी गेट से बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। दोनों कलाकारों ने नंदी हॉल में बैठकर दो घंटे तक पूरी आरती देखी। इस दौरान किंजल जाप करते नजर आईं। किंजल ने कहा कि दो महीने में वे दूसरी बार महाकाल आई है।